भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3891
उत्तर देने की तारीख 17 जुलाई, 2019

कोडरमा जिले में मोबाइल कनेक्टिविटी

3891. श्रीमती अन्नपुर्णा देवी:
क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बीएसएनएल टावर की कमी के कारण झारखंड के कोडरमा जिले में मोबाइल कनेक्टिविटी और नेटवर्क सुविधा उपलब्ध नहीं है;

(ख) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं ?

उत्तर
संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री रवि शंकर प्रसाद)

(क) से (ग) भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने यह सूचित किया है कि दिनांक 31.05.2019 की स्थिति के अनुसार, झारखंड राज्य में 2जी के लिए 2154 बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) और 3जी के लिए 1118 बीटीएस कार्य कर रहे हैं। इनमें कोडरमा जिले में कार्य कर रहे 2जी के लिए 34 बीटीएस और 3जी के लिए 17 बीटीएस शामिल हैं।

वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) द्वारा वित्तपोषित स्कीम के अंतर्गत गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा कोडरमा जिले में अभिनिर्धारित स्थानों पर 70 बीटीएस (2जी/4जी) संस्थापित करने के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया है।

*****